प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 11.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में एक विशेष कृषि कार्यक्रम में कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों में 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का शुभारंभ, लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में 35 हजार करोड रूपये से अधिक की लागत वाली कृषि क्षेत्र की दो प्रमुख पहलों, पीएम धन–धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया। 24 हजार करोड़ रुपये की लागत से शुरू पीएम धन धान्य कृषि योजना से कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने और सिंचाई सुविधाओं में सुधार करने तथा चयनित सौ जिलों में दीर्घकालिक और अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाया जाएगा।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के तीनों बस टर्मिनल को राष्ट्रीय मानक पर बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए नगर विकास एवं आवास विभाग ने लगभग 49 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। जिन तीनों बस टर्मिनल का आधुनिकीकरण होगा, उसमें आइटीआई बस स्टैंड, सरकारी बस डिपो और खादगढ़ा स्थित बिरसा मुंडा टर्मिनल शामिल हैं।

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से आदर्श आचार संहिता का पालन करने की अपील की है। श्री कुमार ने आज बताया कि उप चुनाव के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर अंदर और बाहर की ओर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से वेबकास्टिंग की जाएगी। साथ ही विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एवं सीमाओं पर चेकपोस्ट भी तैयार किए गए हैं जिसपर सीसीटीवी द्वारा वेबकास्टिंग के माध्यम से भी निगरानी रखी जा रही है।

****

साहिबगंज जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को पोलियो की खुराक देने के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। और अधिक जानकारी के साथ हमारे संवाददाता –

****

धनबाद जिले के अलकडीहा स्थित सुरुंगा कुम्हार टोला में एक 55 वर्षीय व्यक्ति की पीट–पीट कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि इस मामले में गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया गया है। इधर, रामगढ़ जिले के भदानीनगर स्थित चेनगड्डा गांव के पास आज एक अज्ञात महिला का शव मिला है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

****

राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में अब सुबह और शाम ठंड का अहसास होना शुरू हो गया है। मौसम केंद्र के अनुसार, ठंड बढ़ने से अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान में गिरावट होगी। केंद्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि कल के मुकाबले आज राज्य के कई जिलों में तापमान में एक से दो डिग्री की कमी दर्ज की गई है।

****

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर क्रॉस इंडिया लिमिटेड और हमारी लाडो फाउंडेशन की ओर से सरायकेला–खरसांवा जिले के आदित्यपुर में पांच किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की करीब चार सौ छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर जिले के उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह ने कहा कि बालिकाओं को शिक्षा के साथ शारीरिक और मानसिक रूप से सक्षम बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

****

धनबाद रेल मंडल के डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने आज डिविजनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से रेलवे ग्राउंड में आयोजित क्रिकेट कैंप का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के दौरान जर्सी और आधिकारिक वेबसाइट का भी अनावरण किया गया। मौके पर डीआरएम ने कहा कि क्रिकेट कैंप का उद्देश्य जिले के उभरते खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और अवसर प्रदान करना है, ताकि वे खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

****

भुवनेश्वर में आयोजित 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड के पार्थ सिंह ने पुरूष अंडर–20 के 100 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने 10.52 सेकेंड के साथ देश के सबसे तेज धावक बनने का गौरव भी हासिल किया। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पार्थ सिंह को बधाई दी है।

*******समाप्त********